# समाचार
## ईदमिलन कार्यक्रम में शिरकत की महापौर ने





कोरबा 30 जुलाई 2016 –महापौर श्रीमती रेणु अगव्राल ने मुड़ापार स्थित मस्जिद परिसर में आयोजित ईदमिलन समारोह में शिरकत की तथा ईद पर्व की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व बधाईयां समाज के लोगों को दी।

मस्जिद गौसे आजम व मदरसा कमेटी के द्वारा वार्ड क्र. 26 मुड़ापार स्थित परिसर में ईदमिलन समारोह का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए ईदमिलन समारोह में शिरकत की तथा ईद की अपनी हार्दिक शुभकामनाएं व बधाईयां उपस्थित जनसमुदाय को दी। इस मौके पर समाज के लोगों ने महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। समारोह के दौरान उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि इस पवित्र अवसर पर मैं सभी को अपनी हार्दिक बधाईयां व शुभकामनाएं देती हूं , आपने इस अवसर पर मुझे आमंत्रित किया इसके लिए आभार प्रकट करती हूं। उन्होने कहा कि निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है तथा यह प्रयास किया जा रहा है कि निगम क्षेत्र की कोई भी बस्ती व मोहल्ला, मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होने कहा कि इस वार्ड के नागरिकों की जो भी विकास परक आवश्यकताएं होगी, उन्हे हर संभव पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ.गोपाल कुर्रे, समाज सेविका मंगल बुधिया, सपना चौहान, चन्दा महंत, कमेटी के अध्यक्ष हाजी गुलाम कादिर खान, सचिव इस्तियाक खान, कोषाध्यक्ष मो. असगर अली कुरैशी, हाजी अब्दुल खालिद कुरैशी, डॉ. हाफीज सईद अख्तर, मो. शाहिद गौरी, सैय्यद अबीद अली, मो. समीर पेन्टर, मो. आमिर अलतारी, शेख सलमान, साहिदा कुरैशी, रूकशाना बेगम, हिना खान, बर्शिया बेगम, फरीदा बेगम, सैय्यद माशूक अली, नाजीमा कुरैशी आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।